दैनिक भास्कर

हजारीबाग 07-10-2021

आयोजन • लोक नायक जयप्रकाश आंख अस्पताल में लोक कल्याण के लिए एम्बुलेंस का लोकार्पण

आपातकालीन स्थिति में एम्बुलेंस बनेगी सहारा : सतीश

भास्कर न्यूज़ | चौपारण

लोक नायक जयप्रकाश आंख अस्पताल में बुधवार को एम्बुलेंस का लोकार्पण प्रोग्राम डायरेक्टर अजय सिरके, कंपनी सामाजिक दायित्व प्रमुख क्विक हील टेक्नोलॉजी लिमिटेड पुणे, महाराष्ट्र एवं संस्था डायरेक्टर सतीश गिरिजा के हाथों किया गया। क्विक हील टेक्नोलॉजी लिमिटेड पुणे, महाराष्ट्रा क्षेत्र के लेपटॉप एवं कम्प्यूटर को सुरक्षित रखने वाला सॉफ्टवेयर कम्पनी है। उक्त कंपनी ने बुधवार को लोकनायक जयप्रकाश आई अस्पताल के मरीजों को सुरक्षित अस्पताल लाना और सफल ऑपरेशन करने के बाद पुनः मरीज को घर पहुंचाने के लिए एम्बुलेंस दिया। उन्होंने कहा कि क्विक हिल कंपनी के मालिक ने महानगरों की सुविधा को गांव को मुहैया किया जाय। एनबीजेके डायरेक्टर सतीश गिरिजा ने कहा कि क्विक हील कंपनी द्वारा दिया गया एम्बुलेंस अस्पताल के मरीजों की सेवा के अलावा आपातकालीन स्थिति में जनकल्याण में भी सराहनीय भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नव भारत जागृति केंद्र के सतीश गिरिजा, डॉ आलोक कुमार, गंधर्व गौरव, संस्था प्रबंधक बीरेंद्र सिन्हा, संतोष कुमार पूरी, प्रिंसिपल विकान्त सिंह एवं लोक नायक जयप्रकाश आंख अस्पताल के सभी कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के अभिनंदन से किया गया। फिर क्विक हील टेक्नोलॉजी लिमिटेड द्वारा वित्त प्रदत्त एम्बुलेंस को अस्पताल को समर्पित किया गया जो हॉस्पिटल में आये मरीजों की सहायता के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहेगा। एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखा कर मरीजों को रवाना किया गया। क्विक हील टेक्नोलॉजी लिमिटेड द्वारा प्रदत्त एम्बुलेंस इस क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगा। लोक नायक जयप्रकाश आंख अस्पताल ने इस क्षेत्र में काफी नाम कमाया है और लोगो के बीच अपनी एक अलग पहचान बनाई है। एम्बुलेंस मिलने से अस्पताल को और बल मिलेगा। जिससे मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में काफी मदद मिलेगी। संस्था के सचिव सतीश गिरिजा ने क्विक हील टेक्नोलॉजी लिमिटेड को धन्यवाद देते हुए कहा कि ये एक महत्वपूर्ण सहयोग मिला है। जिसका उपयोग लोक कल्याण के लिए किया जाएगा।

मरीज को दवा दे एम्बुलेंस से घर भेजवाते अजय सिरके।